**भारत सरकार**

**परमाणु ऊर्जा विभाग**

**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**

**विज्ञापन संख्या : आरआरकेट-3/2015**

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31-12-2015**

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र (आरआरकेट), इन्दौर(म.प्र.) एवं इसकी संघटक इकाइयों में निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु योग्य अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

<table>
<tr><td>पद कोड</td><td colspan="2">I</td></tr>
<tr><td>पद नाम</td><td colspan="2">सहायक सुरक्षा अधिकारी/ए – "ग्रुप बी अराजपत्रित"</td></tr>
<tr><td>वेतनमान</td><td colspan="2">पी.बी.-2 : ₹ 9300-34800 + ग्रेड वेतन ₹ 4200/- व यथादेय अन्य भत्ते</td></tr>
<tr><td>पद संख्या</td><td colspan="2">12 (अजा-2 ; अजजा-1 ; अपिव-2 ; अनारक्षित -7) एवं<br>2 (अजजा) परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी), हैदराबाद के लिये</td></tr>
<tr><td rowspan="2">न्यूनतम योग्यता</td><td>सीधी भर्ती</td><td>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक</td></tr>
<tr><td>भूतपूर्व सैनिकों, भूतपूर्व पुलिस एवं भूतपूर्व अर्द्धसैनिक कार्मिकों के लिये</td><td>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा समकक्ष</td></tr>
<tr><td>अनुभव</td><td colspan="2">भूतपूर्व सैनिकों के लिये : कनिष्ठ कमीशंड अधिकारी पद या समकक्ष पद से कम नहीं या नॉन कमीशंड अधिकारी के रूप में या समकक्ष पद पर 5 वर्ष का अनुभव</td></tr>
<tr><td>शारीरिक मानक</td><td colspan="2">कोई शारीरिक विकृति नहीं<br>न्यूनतम ऊँचाई : 167 से.मी.<br>सीना : 80–85 से.मी. (अजजा एवं पहाड़ी पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों को सरकारी आदेशानुसार छूट प्राप्त है )</td></tr>
<tr><td>चयन / भर्ती का तरीका</td><td colspan="2">शारीरिक परीक्षा, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार</td></tr>
<tr><td>कार्य की प्रकृति</td><td colspan="2">सुरक्षा स्टाफ को तैनात करना, प्राधिकृत कार्मिको, वाहन, सामग्री के आगमन / निकास का नियमन, अनुचित घटनाओं जैसे अनाधिकृत प्रवेश, चोरी, आग लगने, दुर्घटना इत्यादि कार्यों से निपटना, संस्थान में सुरक्षा दौरा करना, जाँच पूरी करना, बयानों को रिकार्ड करना, गुप्त सूचनाएं एकत्र करना, आपात स्थिति में कार्मिकों को सुरक्षा प्रदान करना, सामग्री चेकिंग के दौरान पर्यवेक्षण, गेट पास की मंजूरी, सुरक्षा नियमों/प्रक्रियाओं को लागू करवाना, उपकरणों का प्रचालन, पंचनामा बनाना, असाधारण घटनाओं की लिखित रिपोर्ट तैयार करना एवं पुलिस के साथ सम्पर्क। नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों को 24 घंटों की पारी में अपनी सेवाएं देनी होगी।</td></tr>
<tr><td colspan="3">एनसीसी "सी" प्रमाण पत्र एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रमाण पत्र धारकों को वरियता दी जाएगी।</td></tr>
</table>

**चयन प्रक्रिया :-**

सहायक सुरक्षा अधिकारी/ए के पद के लिये स्क्रीन इन किये गये उम्मीदवारों को विधिवत रूप से गठित समिति द्वारा आयोजित निम्नलिखित शारीरिक क्षमता परीक्षण में अर्हता प्राप्त करना होगा :-

**(अ) शारीरिक क्षमता परीक्षण :**

(I) 06 मिनट 30 सेकण्ड में 1.6 कि.मी. दौड़ पूरी करना

(II) 3.65 मीटर की लम्बी कूद - 3 अवसर प्रदान किए जाएंगे

(III)

| | **आयु समूह** | **संख्या** |
|---|---|---|
| **चिन अप** | 30 वर्ष तक | 08-09 |
| | 30-40 वर्ष तक | 05-06 |
| **पुश अप** | 40-45 वर्ष तक | 16-17 |
| | 45 वर्ष से अधिक | 12-13 |
| **सीट अप** | 30 वर्ष तक | 25-29 |
| | 30-40 वर्ष तक | 20-24 |
| | 40-45 वर्ष तक | 15-19 |
| | 45 वर्ष से अधिक | 10-14 |

**(ब)** उपरोक्त शारीरिक क्षमता परीक्षण में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को 90 मिनट के आबंटित समय में 75 अंकों की लिखित परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। लिखित परीक्षा की संरचना निम्नानुसार होगी :-

(I) बौद्धिक क्षमता परीक्षण : 25 अंक

(II) रिपोर्ट लेखन : 25 अंक

(III) विश्लेषणात्मक (मूलभूत गणित, सामान्य ज्ञान, बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) : 25 अंक

जिन्होंने शारीरिक क्षमता परीक्षा व लिखित परीक्षा पास की है उन्हें साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा

(स) साक्षात्कार : 25 अंक

| | | |
|---|---|---|
| पद कोड | II | |
| पद नाम | सुरक्षा गार्ड – "ग्रुप सी अराजपत्रित" | |
| वेतनमान | पी.बी.-1 : ₹ 5200-20200 + ग्रेड वेतन ₹ 1800/- व यथादेय अन्य भत्ते | |
| पद संख्या | 58 (अजा-9 ; अजजा-13 ; अपिव-8 ; अनारक्षित -28) भूतपूर्व सैनिकों के लिये 26 पद भी शामिल हैं एवं 2 (अजजा) निर्माण, सेवा एवं संपदा प्रबंध निदेशालय (निसेसंप्रनि), मुम्बई के लिये | |
| न्यूनतम योग्यता | सीधी भर्ती | 10 वीं पास |
| | भूतपूर्व सैनिकों, भूतपूर्व पुलिस एवं भूतपूर्व अर्द्धसैनिक कार्मिकों के लिये | 10 वीं पास अथवा समकक्ष सशस्त्र सेना से प्राप्त प्रमाण पत्र |
| शारीरिक मानक | कोई शारीरिक विकृति नहीं<br>न्यूनतम ऊँचाई : 167 से.मी. (अजजा एवं पहाड़ी पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों को सरकारी आदेशानुसार छूट प्राप्त है )<br>सीना : 80 – 85 से.मी. (अजजा एवं पहाड़ी पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों को सरकारी आदेशानुसार छूट प्राप्त है ) | |
| चयन / भर्ती का तरीका | शारीरिक परीक्षा, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार | |
| कार्य की प्रकृति | फील्ड स्टॉफ को सामान्य तौर पर आवश्यक रूप से एक निश्चित सुरक्षा चौकी एवं पेट्रोल ड्यूटी हेतु तैनात किया जाता है। उन्हें सुरक्षा अधिकारी के अधीन सीधे ही पर्यवेक्षण में दिये गये कार्यों का निर्वहन करना होगा। उनके मुख्य कार्य प्रभारी सहायक सुरक्षा अधिकारी को उन्हे सौंपे गए कार्यों एवं जिम्मेदारियों को पूरा करने में सहायता प्रदान करना होगा। | |

**चयन प्रक्रिया :-**

सुरक्षा गार्ड के पद के लिये स्क्रीन इन किये गये उम्मीदवारों को विधिवत रूप से गठित समिति द्वारा आयोजित निम्नलिखित शारीरिक क्षमता परीक्षण में अर्हता प्राप्त करना होगा :-

**(अ) शारीरिक क्षमता परीक्षण :**

(I) 100 मीटर दौड़ - समय 16 सेकण्ड

(II) 3.65 मीटर की लम्बी कूद - 3 अवसर प्रदान किए जाएंगे

(III)

| | **आयु समूह** | **संख्या** |
|---|---|---|
| **चिन अप** | 30 वर्ष तक | 08-09 |
| | 30-40 वर्ष तक | 05-06 |
| **पुश अप** | 40-45 वर्ष तक | 16-17 |
| | 45 वर्ष से अधिक | 12-13 |
| **सीट अप** | 30 वर्ष तक | 25-29 |
| | 30-40 वर्ष तक | 20-24 |
| | 40-45 वर्ष तक | 15-19 |
| | 45 वर्ष से अधिक | 10-14 |

**(ब)** उपरोक्त शारीरिक क्षमता परीक्षण में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को 90 मिनट के आबंटित समय में 75 अंकों की लिखित परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। लिखित परीक्षा की संरचना निम्नानुसार होगी :-

(I) बौद्धिक क्षमता परीक्षण : 25 अंक
(II) सामान्य ज्ञान (बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) : 25 अंक
(III) विश्लेषणात्मक अथवा मूलभूत गणित (बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) : 25 अंक

जिन्होंने शारीरिक क्षमता परीक्षा व लिखित परीक्षा पास की है उन्हें साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा

(स) साक्षात्कार : 25 अंक

दिनांक 31-12-2015 को आयु सीमा : न्यूनतम 18 वर्ष। श्रेणीवार अधिकतम आयु सीमा में छूट निम्नानुसार है :-

| **उम्मीदवार की श्रेणी** | **अधिकतम आयु (वर्षों में)** | **आयु में छूट की शर्तें** |
|---|---|---|
| सामान्य | 27 | लागू नहीं |
| अनुसूचित जाति | 32 | जाति प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए और समुदाय को संबंधित राज्य के संबंध में राष्ट्रपति के आदेशों में शामिल होना चाहिए। |
| अनुसूचित जनजाति | 32 | |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | 30 | जाति प्रमाण पत्र केन्द्र सरकार के नॉन क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र वाले निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए और उस समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग की केन्द्रीय सूची में शामिल होना चाहिए। |
| जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर भाग के अधिवासी | 32 | व्यक्ति जो दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर भाग में सामान्यत: अधिवासी रहे हों, को किसी परीक्षा में शामिल होने के लिये ऊपरी आयु सीमा में छूट संबद्ध नियमों के तहत अनुमेय अधिकतम अवसरों की संख्या पर निर्भर होगी।<br>1) जिला मजिस्ट्रेट जिसके अधिकार क्षेत्र में वह सामान्यत: रहा हो, से प्राप्त प्रमाण पत्र।<br>अथवा<br>2) किसी ऐसे अन्य प्राधिकारी जिसे जम्मू व कश्मीर सरकार की ओर से इसके लिये अधिनामित किया गया हो, से प्राप्त इस आशय का प्रमाण पत्र कि वह 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान सामान्यतया जम्मू एवं कश्मीर राज्य का अधिवासी रहा है, से प्राप्त प्रमाण पत्र। |
| 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चे / परिवार के सदस्य | 32 | इस आशय का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा कि वे 1984 के दंगों में प्रभावित हुए थे। |
| भूतपूर्व सैनिक एवं पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक सेवा से संबंधित व्यक्ति | 30 | 1) वास्तविक आयु से सेवा की अवधि घटाने के बाद<br><br>2) भूतपूर्व सैनिक तथा भूतपूर्व सिपाही सशस्त्र सेना या पुलिस से कार्यमुक्त अथवा सेवानिवृत्त होने के केवल तीन वर्ष के अन्दर आवेदन करने के पात्र होंगे। |
| तीन वर्ष की सतत सेवा वाले विभागीय उम्मीदवार | अनारक्षित – 32<br>अपिव – 35<br>अजा / अजजा -37 | पद कोड-I अर्थात सहायक सुरक्षा अधिकारी/ए के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा जारी अनुदेशों/आदेशों के अनुसार |
| | अनारक्षित – 40<br>अपिव – 43<br>अजा / अजजा -45 | पद कोड-II अर्थात सुरक्षा गार्ड के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा जारी अनुदेशों/आदेशों के अनुसार |

**सामान्य अनुदेश**

1. विज्ञापन में यथानिर्धारित पात्रता मापदंड का निर्धारण आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि होगी।
2. भूतपूर्व सैनिक जिन्होनें अपने पुनर्नियोजन के लिए भूतपूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले आरक्षण लाभों को प्राप्त करने के पश्चात समूह सी एवं डी के पदों में केन्द्र सरकार के अधीन सिविल सेवाओं में रोजगार पहले से ही पा लिया है, वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत आरक्षण के लाभों के दावे के लिए पात्र नहीं हैं।
3. केवल मेट्रिक प्रमाणपत्र / म्यूनिसिपल जन्म प्रमाणपत्र में दर्शाई जन्मतिथि को ही स्वीकर किया जाएगा। इसके बाद परिवर्तन के अनुरोध हेतु विचार नहीं किया जाएगा।
4. सिर्फ बेरोजगार अजा/अजजा बाहरी उम्मीदवारों को पेपर टिकिट प्रस्तुत करने पर लघुत्तम मार्ग का आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल्वे / बस किराया नियमानुसार यात्रा भत्ते के रूप में दिया जाएगा। अगर रियायती टिकट उपलब्ध है तो प्रतिपूर्ती रियायती किराए तक ही सीमित होगी।
5. एक पद के लिये केवल एक आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि अभ्यर्थी दो पदों के लिए आवेदन करना चाहता है तो प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करें।
6. जो आवेदन विज्ञापन में दर्शाई आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं, उनको निरस्त किया जा सकता है। जैसे आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न हो, अपूर्ण हो, हस्ताक्षर न किए हों, फोटो नहीं चिपकाया हो, अंकतालिका, उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में नॉनक्रीमीलेयर प्रमाणपत्र, जम्मू एवं कश्मीर अधिवासी अभ्यर्थियों के मामले में निवास का प्रमाण पत्र आदि की स्वप्रमाणित प्रतियां इत्यादि न होने पर शारीरिक परीक्षा / लिखित परीक्षा / साक्षात्कार / नियुक्ति के लिये चयन न किए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश-सह-बुलावा पत्र जारी करने मात्र से ही कोई नियुक्ति का अधिकारी नहीं माना जाएगा।
7. यदि आवेदन पत्र और लिफाफे के शीर्ष पर आवेदित पद नहीं दर्शाया गया है तोउस पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. अभ्यर्थियों को उनके आवेदन प्रपत्र में उनके द्वारा दी गई सूचनाओं के आधार पर परीक्षा हेतु प्रवेश दिया जाएगा, अत: उन्हे सलाह दी जाती है कि आवेदन करने के पहले वे सुनिश्चित कर लें कि वे सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हों। यदि बाद में यह पाया जात है कि आवेदक द्वारा दी गई सूचना गलत है अथवा आवेदक किसी पात्रता शर्त को पूरा नहीं करता है, तो ऐसे आवेदक की पात्रता निरस्त कर दी जाएगी और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। सभी पात्रता दशाओं को पूरा करने वाले अभ्यर्थी ही नियुक्ति के पात्र होंगे।
9. भारत सरकार में रोजगार हेतु अजा / अजजा / अपिव प्रमाणपत्र निर्धारित प्रपत्र के अनुसार होने चाहिए जो आरआरकेट की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।
10. अजा / अजजा / अपिव से संबंधित अभ्यर्थियों को इस बारे में आवेदन में स्पष्ट रूप से इंगित करना होगा और इस संबंध में निर्धारित प्रपत्र में प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा। ऐसा न करने की दशा में उन्हे अनारक्षित श्रेणी का आवेदक माना जाएगा। समुदाय के संबंध में परिवर्तन हेतु बाद में प्रस्तुत किये जाने वाले किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अपिव के मामले में प्रमाणपत्र में विशेष रूप से यह इंगित किया जाना चाहिए कि अभ्यर्थी क्रीमीलेयर से संबंधित नहीं है जिसका उल्लेख कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या : 36033/1/2013-Estt (Res.) दिनांक 27/05/2013 में किया गया है।
11. आरआरकेट के पास आवेदकों की पात्रता को किसी भी स्तर पर स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
12. विज्ञापन में दिये गए पदों को भरना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के विषयाधीन है और समय समय पर भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के निर्णय अनुसार पद नहीं भी भरे जा सकते हैं।
13. यदि आवश्यकता हुई तो कोई सूचना जारी किये बिना अथवा कोई कारण बताए बिना भर्ती प्रक्रिया को निरस्त / रोकने / परिवर्तित करने का अधिकार आरआरकेट के पास सुरक्षित है।
14. इस विज्ञापन के तहत चयनित किए गए उम्मीदवारों को आरआरकेट, इन्दौर में तैनात किए जाने की संभावना है, लेकिन वे भारत के किसी भी भाग में और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संगठक इकाई में सेवा करने के उत्तरदायी होंगे।
15. चयनित उम्मीदवारों को वित्त मंत्रालय के दिनांक 22/12/2003 की अधिसूचना संख्या 5/7/2003-ECB&PR के द्वारा दिनांक 01/01/2004 से लागू नई पुनर्गठित अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी।

**<u>आवेदन कैसे करें</u>**

**क)** **सहायक सुरक्षा अधिकारी/ए** के पद के लिये **<u>केवल ऑन-लाईन</u>** आवेदन ही स्वीकार किये जाएंगे।

**ख)** **सुरक्षा गार्ड** के पद के लिये आवेदन ऑन-लाईन अथवा ऑफ-लाईन (दिए गए फार्मेट में) स्वीकार किये जाएंगे।

**ग)** ऑन-लाईन आवेदन हेतु लिंक आरआरकेट की वेबसाईट <http://www.rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html> पर उपलब्ध है। **ऑन-लाईन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के एक सप्ताह पूर्व बंद हो जाएगी।** ऑन-लाईन आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात आवेदक ऑन-लाईन सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके एक प्रिंट-आऊट निकाल लें। उक्त प्रिंट आऊट पर विधिवत हस्ताक्षर करके उसे दर्शाए गए प्रमाण पत्रों की प्रतियों के साथ नीचे दिए गए पते पर भेजें जो आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को या उसके पूर्व पहुँच जाना चाहिए :-

**सहायक कार्मिक अधिकारी (भर्ती)**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**
**डाक : केट, इन्दौर - 452 013 (म.प्र.)**

**घ)** आवेदन पत्र के बाहरी लिफाफे पर निम्नलिखित वर्णित करें :-

| पद के लिये आवेदन | पद कोड | पद | विज्ञापन संख्या |
|---|---|---|---|
| | | | आरआरकेट-3/2015 |

**ङ) प्रमाण-पत्रों की प्रतियां** – अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ निम्न अंकतालिकाओं/प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां (केवल एक प्रति) संलग्न करें :-

i. नवीनतम पासपोर्ट आकार का स्वहस्ताक्षरित फोटोग्राफ मूल आवेदन पत्र के दाहिनी हाथ के ऊपरी कोने पर चिपकाएं।
ii. शैक्षणिक (परीक्षा में लिए गये विषयों को इंगित करते हुए उनके समर्थन में सही अंकतालिकाएं)
iii. जन्मतिथि
iv. निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र जिसमें यह दावा किया गया हो कि अभ्यर्थी अज/अजजा/अपिव का है
v. अपिव के संदर्भ में एक वर्ष के अन्दर जारी किया गया नॉन-क्रीमीलेयर एवं वैधता प्रमाणपत्र
vi. सैन्य सेवा छोड़ने का प्रमाण पत्र (केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिये)
vii. केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन उचित माध्यम से प्रस्तुत करने चाहिए। हालांकि, वे अपने आवेदन की अग्रिम प्रति ऊपर वर्णित संलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि तक नीचे दिए पते पर भेज सकते हैं। ऐसे उमीदवारों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना होगा ।
viii. अगर 1984 के दंगों से प्रभावित है तो उसका प्रमाणपत्र
ix. 01.01.1980 से 31.12.1989 तक कश्मीर में अधिवास संबंधी प्रमाणपत्र (अगर वे कश्मीर प्रभाग के लिये आयु में छूट का दावा करते हैं)

**किसी भी प्रकार कि सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा**

**अचयनित उम्मीदवारों के रिकार्ड, चयन सूची तैयार करने की तिथि से 6 माह बाद नहीं रखे जाएंगे**

**यह विज्ञापन आरआरकेट की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है ☞**
**<http://www.rrcat.gov.in/hrd/Openings/Current_Openings.html>**